BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS

SENIOR SECONDARY CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

POST MID-TERM EXAMINATION 2024-25

HINDI

Class :IX　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　Duration : **1** Hrs

Date :10.01.2025　　　　　　　　　　　　　　　　　　　Max. Marks : **25**

Admission No.:　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　Roll No.:

(अपठित गद्यांश)

प्रश्न **1** निम्न गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़िए और उपयुक्त उत्तर को चुनकर लिखिए **:**

एक दिन की बात है नारद जी विष्णु जी के पास गए और उन्होंने विष्णु जी से एक प्रश्न किया कि आपका परम भक्त कौन है ? तो विष्णु जी ने कहा - एक किसान। नारद जी को आश्चर्य हुआ कि मैं तो दिन रात विष्णु जी की आराधना करता हूँ, नाम जपता हूँ और मुझे परम भक्त न कह कर एक किसान को कह रहे हैं। उन्होंने कहा 'कि मैं किसान की परीक्षा लूँगा। वे धरती पर आए, तो देखा कि किसान ने खेत पर जाने के पहले राम का नाम स्मरण किया, जब घर आया तब राम का स्मरण किया,रात को सोने से पहले राम का नाम लिया। सिर्फ तीन बार। नारद विष्णु जी से बहस करने पहुँचे तो विष्णु जी ने कहा 'यह बात अभी छोड़ो। मेरा एक जरूरी कार्य करो' । तो नारद जी ने कहा कहिए। विष्णु जी ने कहा,यह तेल से भरा पात्र लेकर पृथ्वी की परिक्रमा करो लेकिन एक शर्त है कि पात्र से एक बूँद भी तेल गिरने ना पाए। नारद जी खुशी-खुशी उस पात्र को लेकर पृथ्वी की परिक्रमा करने लगे और जल्द परिक्रमा करके लौटआए। विष्णु जी ने पूछा - अच्छा बताओ नारद जी आपने कितनी बार मेरा नाम लिया ? उन्होंने कहा कैसे लेता आपका काम था और शर्त यह थी कि पात्र से एक बूँद भी तेल न गिरे। विष्णु जी ने कहा ,किसान को भी मैंने ही काम दिया है ।वह अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मेरा नाम जपता है । तब नारद जी अपनी गलती समझ गए तथा विष्णु जी से क्षमा माँगी।

(1) नारद जी विष्णु जी के पास क्यों गए ?　　**(1**अंक)

क) दर्शन के　　　　ख) स्मरण के लिए

ग) आशीर्वाद पाने के लिए　　　　घ) जिज्ञासा हेतु

(2) किसान कितने बार नाम स्मरण करता था ?　　**(1**अंक)

क) एक बार　　　　ख) दो बार

ग) तीन बार　　　　घ)शून्य बार

(3) पात्र में क्या भरा था?　　**(1**अंक)

क) पानी　　　　ख) अमृत

ग) तेल　　　　घ) घी

(4) नारदजी को किस बात का घमंड था ?　　**(2**अंक)

(5) विष्णु जी ने नारद जी को क्या कार्य दिया और क्यों ? विस्तार से लिखिए।　　**(2**अंक)

(व्याकरण)

प्रश्न **2)** पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।　　(अंक **6)**

(1) विद्यालय का संधि विच्छेद कीजिए ।

(2) सूर्य+ उदय का संधि कीजिए ।

(3) आज सर्दी है। (वाक्य का अर्थ बदले बिना नकारात्मक बनाइए)

(4) आप सभी शांत रहें।(वाक्य का भेद बताइए)

(5) (?) विराम चिन्ह का प्रयोग करते हुए एक वाक्य बनाए।

(6) (!) विराम चिन्ह का नाम बताइए।

(साहित्य)

प्रश्न **3)** महादेव देसाई जी के जीवन पर प्रकाश डालिए ।　　(अंक **2)**

प्रश्न **4)** 'गीत अगीत' इस कविता में कवि ने किसे गीत तथा किसे अगीत कहा है ?　　(अंक2)

प्रश्न **5)** कल्लू कुम्हार की उनाकोटी के बारे में अपने शब्दों में लिखिए।　　(अंक3)

(रचना खंड)

प्रश्न **5)**अपने मित्र को निमंत्रण पत्र लिखकर अपने भाई के विवाह में आने का अनुरोध कीजिए　　(अंक **5)**

———————— समाप्त ————————